प्रेस नोट

वरिष्ठ नागरिकों की पहली ट्रेन 4.11.2017 को रामेश्वरम् जायेगी

माननीय मुख्यमंत्री महोदया की बजट घोषणा अनुसार दीनदयाल उपाध्याय वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना, 2017 के तहत दिनांक 4 नवम्बर को दुर्गापुरा स्टेशन, जयपुर से सायंकाल 7.00 बजे रामेश्वरम् के लिए प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन में जयपुर जिले के 161, अलवर के 48, सीकर के 25 झुन्झुनू के 30 एवं दौसा के 45 यात्री यात्री सवार होगें। यह ट्रेन दुर्गापुरा जयपुर से रवाना होकर उसी दिन रात्रि 9.05 बजे सवाईमाधोपुर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी, जहां से भरतपुर संभाग के धौलपुर जिले के 20 करोली के 23 सवाईमाधोपुर 67 सहीत भरतपुर जिले के 63 यात्री सवार होगें। यह ट्रेन रात्रि 9.25 कोटा के लिये रवाना होगी।

यह ट्रेन कोटा स्टेशन पर रात्रि 11.15 बजे पहुंचेगी जहा से कोटा जिले के 157, बून्दी जिले के 66, बारां जिले के 127 एवं झालावाड़ जिले के 127 यात्री रामेश्वरम् यात्रा के लिये सवार होगें।

यह ट्रेन 4.11.2017 को रात्रि 11.25 बजे कोटा से रामेश्वरम् के लिये प्रस्थान कर दिनांक 7.11.2017 को प्रातः 6.30 बजे रामेश्वरम् पहुंचेगी।

दिनांक 8.11.2017 को पुनः रात्रि 11.30 बजे यह यात्री गाड़ी वापसी के लिये रवाना हो जायेगी, जो दिनांक 11.11.2017 को प्रातः 6.10 बजे कोटा रेलवे स्टेशन आयेगी जहां पर कोटा संभाग के यात्री उतरेगें, इसके पश्चात 6.30 बजे सवाई माधोपुर प्रस्थान कर जायेगी जहां पर प्रातः 7.50 बजे पहुंचेगी यहां पर भरतपुर संभाग के यात्री उतरेगें तत्पश्चात यह रेल गाड़ी प्रातः 8.10 बजे वहां से दुर्गापुरा जयपुर के लिये प्रस्थान कर जायेगी। दिनांक 11.11.2017 को प्रातः 10.40 बजे यह ट्रेन यात्रा समाप्ति स्थल दुर्गापुरा जयपुर स्टेशन पहुंचेगी, जहां पर जयपुर संभाग के यात्री अपने-अपने गन्तव्य स्थानों पर प्रस्थान कर जायेगें।

(जितेन्द्र कुमार उपाध्याय)
IAS
आयुक्त